Ref.No.: UP/SMSYS/TR/81/2024-25 *Date: 20/12/2024*

प्रशिक्षण सूचना (1)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि समग्र शिक्षा योजना समिति उत्तर प्रदेश द्वारा प्रथम चरण में औरैया, इटावा, कन्नौज, कानपुर नगर, फर्रुखाबाद, झांसी एवं बलिया आदि जनपदों में निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 01 जनवरी 2025 से किए जाने का प्रस्ताव किया गया हैं। जिसका विस्तृत कार्यक्रम समिति द्वारा संबंधित जिलों के विद्यालयो के प्रबंधकों को 31 दिसम्बर 2024 तक प्राप्त करा दिया जाएगा। समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी अपने से संबंधित विद्यालय के प्रबंधक से उपरोक्त कार्यक्रम के सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी प्राप्त कर ले। जिससे प्रशिक्षण कार्यक्रम में उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। सभी संबंधित जिलों के विद्यालय प्रबंधकों से पुनः यह अपेक्षा की जाती हैं कि वह अपने विद्यालय से संबंधित समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी करे जिससे सभी की उपस्थिति सुनिश्चित हो सके। सभी नियम एवं शर्तें समग्र शिक्षा योजना समिति उत्तर प्रदेश द्वारा लागू ही मान्य होंगे। समिति आप सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करती हैं।

(आर. के. सिंह)
राज्य योजना संयोजक
समग्र शिक्षा योजना समिति उ. प्र.

Scanned with OKEN Scanner